मेलबर्न के लिए रवाना अर्जुन

हालांकि वो अपनी स्पष्टवादिता और समझदारी के लिए ज्यादा जाने जाते हैं, इंडियन फिल्म फेस्टिवल ऑफ मेलबर्न में अर्जुन कपूर एक अप्रत्याशित अतिथि के रूप में शामिल होने वाले हैं। जबकि एक दशक पहले तक यह फिल्म महोत्सव स्वतंत्र सिनेमा तक ही सीमित था, घटनाओं के एक ताजा मोड़ के क्रम में कपूर अब 'द फ्यूचर ऑफ सिनेमा' के बारे में पैनल चर्चा में शामिल होने के लिए अपनी उपस्थिति से फेस्टिवल का मान बढ़ाएंगे। ओटीटी प्लेटफार्मों के माध्यम से डिजिटल दुनिया के दौर में और सोशल मीडिया पर उनके स्टारडम को देखते हुए, युवा अभिनेता कपूर इस मास्टरक्लास में स्टोरी टेलिंग में टेम्पलेट के बदलाव और फिल्म मेकर-निर्माता, अभिनेता और निर्देशक के साथ-साथ क्रू मेंबर भी इस बदलते दौर के साथ कैसे तालमेल बिठा रहे हैं, इस बारे में चर्चा करेंगे। यह बातचीत राजीव मसंद द्वारा संचालित की जाएगी, जिसमें अर्जुन कपूर सिनेमा के महत्व, उसके बदलते स्वरूप और कैसे वे सिनेमा के इस परिवर्तन को अपना रहे हैं, इस बारे में अपने विचार बताएंगे। यह कार्यक्रम 11 अगस्त को आर्ट्स सेंटर मेलबर्न में होगा।